अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) मक्का विजय के दिन काले रंग की पगड़ी बाँधकर दाख़िल हुए।

जाबिर- रज़ियल्लाहु अन्हु- का वर्णन है कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) मक्का विजय के दिन काले रंग का साफा अर्थात पगड़ी बाँधकर दाख़िल हुए। अबू सईद अम्र बिन हुरैस- रज़ियल्लाहु अन्हु- कहते हैं◌ः गोया कि मैं अल्लाह के रसूल - सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- को देख रहा हूँ। आप काले रंग का साफा बाँधे हुए थे और उसके दोनों किनारे आपके दोनों कंधों के बीच लटक रहे थे। तथा एक रिवायत में हैः अल्लाह के रसूल-सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने काले रंग का साफा बाँधकर खुतबा दिया।
[सह़ीह़] [इसे इमाम मुस्लिम ने दोनों रिवायतों के साथ नक़ल किया है।]

https://sunnah.global/hadeeth/hi/show/4222